# मोहयाल मित्र

सर्वे भवंतु सुखिनः। सर्वे संतु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चित् दुःखभागभवेत् ः।।

## ए.जी.एम.-2018 का सफल और सार्थक आयोजन

जनरल मोहयाल सभा की वर्ष 2018 की ए.जी.एम. (वार्षिक आम सभा) का आयोजन 18 मार्च 2018 को मोहयाल फ़ाउंडेशन, नई दिल्ली में किया गया। इसकी अध्यक्षता जी.एम.एस. प्रेज़ीडेंट रायज़ादा बी.डी. बाली ने की। ए.जी.एम. का आरंभ रायज़ादा बी.डी. बाली द्वारा मोहयाल ध्वाजारोहण से हुआ। श्रीमती सुनीता मेहता और श्रीमती नीलिमा मेहता ने मोहयाल प्रार्थना पढ़ी जिसमें सभी उपस्थित मोहयालों ने भाग लिया।



रायज़ादा बी.डी. बाली और जी.एम.एस के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित किया। ए.जी.एम. का संचालन 'मोहयाल मित्र' के हिंदी संपादक डॉ. अशोक लव ने किया। उन्होंने रायज़ादा बी.डी. बाली (अध्यक्ष), ले.जन. जी.एल. बक्शी (सीनियर वाइस प्रेजीडेंट), ले.कर्नल एल.आर. वैद (सेक्रेटरी जनरल), श्री बी.एल. छिब्बर (वाइस प्रेज़ीडेंट), श्री पी.के. दत्ता (वाइस प्रेज़ीडेंट), श्री विनोद दत्त (वाइस प्रेजीडेंट), श्री योगेश मेहता (चेयरमैन यूथ एंड कल्चर) और श्री सुशील कुमार छिब्बर (फाइनेंस सेक्रेटरी) को मंच पर बुलाया। डॉ. अशोक लव ने कार्यवाही का आरंभ माँ दुर्गा के श्लोक से किया–

*सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।*
*त्रयम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते।।*

उन्होंने नवरात्रों और नव वर्ष विक्रमी संवत् 2075 के आरंभ होने पर सबको जी.एम.एस. की ओर से शुभकामनाएँ दीं।

दिवंगत मोहयालों को दो मिनट खड़े होकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

रायज़ादा बी.डी. बाली ने सबका स्वागत किया। अपने स्वागत–भाषण में उन्होंने जी.एम.एस. के कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हम सब एक–दूसरे के साथ किसी न किसी तरह जुड़े हुए हैं। जी.एम.एस. रजिस्टर्ड सोसायटी है परंतु हमारे संबंध परिवार की तरह हैं। मोहयाल संख्या में कम हैं परन्तु हमारी बिरादरी ने 20–25 जनरल, अनेक ब्यूरोक्रेट, उद्योगपति और अन्य क्षेत्रों में श्रेष्ठ व्यक्तियों को जन्म दिया है। विभाजन के कारण हम लोग अपना सब कुछ छोड़कर आए थे। विभाजन के पश्चात् हमने बहुत प्रगति की है। पिछले कुछ सालों में बहुत काम हुए हैं। ये सब काम आप सबके समर्थन और सहयोग से हुए हैं। जी.एम.एस. को भगवान का आशीर्वाद मिला और आपका समर्थन मिला जिससे हम इस मुकाम तक पहुँचे हैं। ऐसी बिरादरी को मैं नमस्कार करता हूँ।

जी.एम.एस. के कार्यों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हम 477 विधवाओं को हर महीने 1000 रुपए की आर्थिक सहायता देते हैं। अन्य जरूरतमंद 94 मोहयालों की भी आर्थिक सहायता करते हैं। 74 विद्यार्थियों को 250 से 3000 प्रतिमाह की सहायता दी जाती है। यह सारा धन आपके सहयोग व समर्थन से प्राप्त हुआ है। परंतु इसका अधिकांश भाग मोहयाल फाउंडेशन के एक भाग के किराए से आता है। हमारा उद्देश्य मोहयाल बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाना है। यदि युवाओं ने आगे बढ़ना है तो उन्हें खूब पढ़ना चाहिए। बच्चों को पढ़ना चाहिए। हम दो–तीन सौ बच्चों को एडॉप्ट करना चाहते हैं। उनकी प्राइमरी से ग्रेज्यूएशन तक की शिक्षा का खर्च हम करेंगे। हमारा उद्देश्य है कि कोई भी मोहयाल बालक–बालिका धन की कमी के कारण पढ़ने से वंचित न रह जाए। आप हमें अपना सहयोग दें।

हमने आज ई.जी.एम. का आयोजन संविधान संशोधन करने के लिए करना था। हमें लीगल एडवाइज़र ने सुझाव दिया कि लोग संशोधनों को अच्छी तरह पढ़ सकें, इसके लिए उन्हें और अधिक समय दिया जाना चाहिए। इसलिए हमने इसे स्थगित कर दिया। जी.एम.एस. ने जो संपत्तियाँ बनाई हैं, हम उन्हें सुरक्षित रखना चाहते हैं। हम ऐसा इंतज़ाम करना चाहते हैं कि इन्हें भविष्य में कोई भी बेच न सके।

जी.एम.एस. में आपका विश्वास है। मैं जब 1978 में प्रेज़ीडेंट बना तब जी.एम.एस. के ट्रस्ट में लगभग दो लाख बीस हज़ार रुपए थे। आज यह ट्रस्ट 9 करोड़ के हो गए हैं। यह आपका विश्वास है और मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ इसका एक–एक पैसा सुरक्षित है और रहेगा। यह सारा धन आपके योगदान से आया है। हम इसके ब्याज को मोहयालों के कल्याण के लिए खर्च करते।

 For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

रायज़ादा बी.डी. बाली के स्वागत–भाषण के पश्चात सेक्रेटरी जनरल ले. कर्नल एल.आर. वैद ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसे इंगलिश सेक्शन में प्रकाशित किया जा रहा है।

सेक्रेटरी जनरल एल.आर. वैद की रिपोर्ट के पश्चात जी.एम.एस के वाइस प्रेज़ीडेंट श्री बी.एल. छिब्बर ने वित्तीय स्थिति पर अपनी रिपोर्ट दी। इसे भी इंगलिश सेक्शन में प्रकाशित किया जा रहा है।

जनरल मोहयाल सभा के सीनियर वाइस प्रेज़ीडेंट ले. जनरल जी.डी. बक्शी (सेवानिवृत्त) ने संबोधित करते हुए कहा, आपमें से हर कोई, बिरादरी का हर सदस्य, अपनी और बिरादरी की सेवा कर सकता है। आपने अपनी पहचान कैसी बनानी है, यह आप पर निर्भर करता है। प्रत्येक व्यक्ति अपने व्यक्तित्व का विकास खुद कर सकता है। कोई भी समाज और सोसाइटी तब आगे बढ़ती है जब उसके प्रत्येक सदस्य का आपस में प्रेम हो मेल–मिलाप हो। हमारी प्रार्थना में कहा गया है, 'हम अपनी बातें मधुर शब्दों में कहें। सबका आपस में प्रेम हो।' आज इन दोनों बातों की बहुत ज़रूरत है क्योंकि आज हम यहाँ बिरादरी के लिए मिलकर विचार करने आए हैं।

इसके पश्चात् सोलन से आए विंग कमांडर इंदर कुमार बाली ने मंच से घोषणा करनी चाही। उन्हें मंच पर बुलाया गया। उन्होंने कहा कि मैं अपने माता–पिता की इच्छा के अनुसार सोलन में 'मोहयाल मेडीटेशन कम योग आश्रम' बनाना चाहता हूँ। मैं चाहता हूँ इसे जनरल मोहयाल के सहयोग से बनाया जाए। इसकी नींव रायज़ादा बी.डी. बाली रखें। मैं इससे संबंधित सारे कागज़ात और योजना की फाइल रायज़ादा बी.डी. बाली जी को सौंप रहा हूँ।

ओपन सेशन आरंभ करते हुए डॉ. अशोक लव ने बताया कि हमारे पास ई–मेल द्वारा अनेक लोगों के नाम आए हैं जो अपने विचार रखना चाहते हैं। अन्य माध्यमों से भी नाम आए हैं। चूंकि ई.जी.एम. को स्थगित कर दिया है इसलिए जो वक्ता उसके लिए बोलना चाहते थे, हम उन्हें ओपन हाउस में नहीं बुला रहे।

सबसे पहले श्री कैलाश छिब्बर को अपने विचार रखने के लिए बुलाया गया। उन्होंने कहा कि वे ई.जी.एम में बोलना चाहते थे। इसलिए वे इस समय नहीं बोलेंगे।

अन्य वक्ताओं ने अपने–अपने विचार और सुझाव रखे, जिन्हें संक्षेप में यहाँ दिया जा रहा है–

**श्री सुनील वैदः** मैं ई.जी.एम. को स्थगित करने का स्वागत करता हूँ। जी.एम.एस द्वारा लिया गया यह निर्णय सबको जोड़ने का कार्य करेगा। इससे मोहयालों का, पूरी बिरादरी का विकास होगा तथा शांति और समृद्धि आएगी। मैं पिछले सात वर्षों से सोशल–मीडिया द्वारा और व्यक्तिगत भेंट करके मोहयालों से मिलता रहा हूँ। मैंने जी.एम.एस. की मैनेजिंग कमेटी के सदस्यों से भी भेंट की है। इन मुलाकातों से मैंने बहुत कुछ सीखा है। मैंने मोहयाल इतिहास और जी.एम.एस. संविधान का गहनता और सूक्ष्मता से अध्ययन किया है। कानूनी स्थितियों को समझा है। मैं समय–समय पर जी.एम.एस. को सुझाव देता रहा हूँ। इनसे गलतफ़हमियाँ भी पैदा हुई हैं जिससे अनावश्यक कानूनी अड़चनें भी आई हैं। अब इनका समाधान हो गया है। मैं जी.एम.एस. का धन्यवाद करता हूँ। हमारे रक्त में हमारे पूर्वजों के संस्कार प्रेम–प्यार के संस्कार हैं। हमें यह प्रेम भाव बनाए रखना चाहिए।

श्री सुनील वैद ने अनेक सुझाव भी दिए जिनका स्वागत किया गया।

**श्री गौतम मोहनः** (अध्यक्ष मोहयाल सभा लांबड़ा, सहसचिव जनसंपर्क, जी.एम.एस.): ने कहा कि वे जी.एम.एस. के साथ लगभग 20 वर्षों से जुड़े हुए हैं। वे लांबड़ा सभा के प्रेज़ीडेंट हैं। हमारी सभा ने जी.एम.एस. से जब–जब किसी भी तरह का सहयोग माँगा है, हमें मिला है। विधवाओं और विद्यार्थियों को आर्थिक सहयोग देने के लिए मैं जी.एम.एस. का आभारी हूँ।

**अशवनी बक्शीः** (सचिव मो. सभा अंबाला सह–सचिव यूथ, जी.एम.एस.): मैं लगभग 19 वर्ष पूर्व जब जी.एम.एस. की मीटिंग में आया तो रायज़ादा बी.डी. बाली जी के विचारों से बहुत प्रेरित हुआ। वे हमेशा युवाओं को प्रोत्साहित करते हैं। मेरी कार्यशैली पर उनका प्रभाव पड़ा है।

**श्री राकेश वैदः** ई.जी.एम. स्थगित करके जी.एम.एस. द्वारा प्रशंसनीय कार्य किया गया है। रायज़ादा बी.डी. बाली जैसे व्यक्ति हज़ारों वर्ष में जन्म लेते हैं। मेरे लिए गर्व का विषय है कि उनका नेतृत्व हमें मिला हुआ है। मैं आपको भविष्य की ओर ले जाना चाहता हूँ और सचेत करता हूँ कि नेतृत्व करने के लिए सक्षम दूसरी पंक्ति के लोगों को तैयार करना चाहिए। ई.जी.एम. में संशोधन करके ऐसे काम करें जिनसे बिरादरी जी.एम.एस. के साथ जुड़े।

**श्री मधुसूदन दत्ताः** अगले साल जनवरी 2019 में रोहिणी–पीतमपुरा मोहयाल सभा अपने 25 साल पूरे करने जा रही है। उसी के लिए हमने एक लव–टोकन तैयार किया है। हमारी मोहयाल सभा के सेक्रेटरी मंच पर विराजमान हैं, मैं उनसे निवेदन करूँगा कि वे अपने कर–कमलों द्वारा यह लव–टोकन श्री बी.डी. बाली जी को भेंट करें।

इसके साथ–साथ श्री मधुसूदन दत्ता ने डाक खर्च कम करने, मोहयाल मित्र को ई–मैगज़ीन के रूप में भेजने आदि पर भी अपने सुझाव दिए।



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

**श्री जोगिंदर वैदः** ने गत वर्षों के एकांउट्ज़ पर बोलना चाहा। उन्हें स्पष्ट किया गया कि जिन वर्षों के एकांउट्ज़ की बात आप करना चाहते हैं वे ऑडिट हो चुके हैं और इन्कम टैक्स विभाग द्वारा पारित भी हो चुके हैं। इसके पश्चात् उन्होंने इस विषयों संबंधी फ़ाइल रायज़ादा बी.डी. बाली को सौंप दी, जिन्होंने इन्हें पढ़ने का आश्वासन दिया।

**श्री संजीव बालीः** (सेक्रेटरी मो. सभा यमुनानगर) ने आजीवन सदस्यता के संबंध में अपने विचार रखे। उन्होंने 'मोहयाल मित्र' की सदस्यता लेने, शिक्षा के महत्व और रिश्ते–नाते के संबंध में अपने विचार रखे और जी.एम.एस. के कार्यों की प्रशंसा की।

**श्री जे.पी. मेहताः** (अध्यक्ष मो. सभा अंबाला): हमें जी.एम.एस. से सदा सहयोग मिला है। हमारी यूथ और लेडीज़ विंग बहुत अच्छा काम कर रही हैं। जी.एम.एस. ने मोहयाल भवन बनाने में हमें आर्थिक सहायता दी, बच्चों और युवाओं की शिक्षा के लिए हमारी सभा के अनुरोध स्वीकार करके उन्हें आर्थिक सहयोग दिया। हम रायज़ादा बी.डी. बाली जी के आभारी हैं।

**श्रीमती प्रभा मेहताः** (सुपुत्री स्व. जी.एल. दत्ता जोश) ने वरिष्ठ मोहयालों के योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जी.एम.एस. के साथ जुड़े वरिष्ठ सदस्य और पदाधिकारियों ने अपने जीवन के अनेक वर्ष बिरादरी की सेवा में लगा दिए हैं। हमें उनका सम्मान करना चाहिए और उनके योगदान की प्रशंसा करनी चाहिए। युवाओं को आगे आकर कार्य करना चाहिए।

**श्री यशपाल दत्ताः** (कनाडा) मैं यहाँ आकर बहुत कुछ देखकर और सीखकर जा रहा हूँ। कनाडा की मोहयाल सभा को अब हम और सक्रिय करेंगे। मेरी बहन स्वर्गीय वीना छिब्बर से जी.एम.एस. के कार्यों का पता चलता रहता था। रायज़ादा बी.डी. बाली की लीडरशिप में बहुत काम हुए हैं। हम इनका सहयोग करते रहेंगे।

**श्रीमती नीलिमा दत्ता मेहता** ने जी.एम.एस. द्वारा विधवाओं को दी जाने वाली सहायता के विषय में विस्तारपूर्वक अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि ज़रूरतमंद विधवाओं के आवेदन–पत्रों की पूरी जाँच होती है और जी.एम.एस. उन्हें प्रति माह आर्थिक सहयोग देती है।

**श्री संजय मोहनः** (अध्यक्ष मो. सभा गुड़गांव): ने कहा कि यह टेक्नोलॉजी का युग है। हमने जी.एम.एस. को कई सुझाव दिए जिन्हें तत्काल मान लिया गया। प्रशंसा का विषय है कि जी.एम.एस. के कार्य अब नवीनतम टेक्नोलॉजी के अनुसार होने लगे हैं।

**श्री के.के. बालीः** (पूर्व अध्यक्ष मो. सभा जनकपुरी): रायज़ादा बी.डी. बाली जैसा नेतृत्व मिलने पर हमें गर्व है। हमारे अनुरोध पर वे मोहयाल सभा जनकपुरी के मेलों में आते रहे। हमने जो–जो सहयोग मांगा उन्होंने दिया। अब जी.एम.एस. की मैनेजिंग कमेटी में हम जो सुझाव देते हैं, वे उन पर विचार करते हैं और कई सुझाव तो तुरंत स्वीकार कर लेते हैं।

**श्री ऋत मोहनः** (प्रचार सचिव, जी.एम.एस): आज जिस तरह के अच्छे वातावरण में यह कार्यवाही चल रही है, उससे आनंद आ रहा है। हम इसी तरह मिलकर अपने सुझाव देते रहें और जी.एम.एस. को प्रगति के रास्ते पर ले जाएँ।

**श्री विपन मोहनः** (अध्यक्ष, मो. सभा यमुनानगर) ने यमुनानगर में बन रहे मोहयाल भवन के विषय में बताया। उन्होंने इसके निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग करने की अपील की।

**श्री विनोद दत्तः** (उपाध्यक्ष जी.एम.एस., अध्यक्ष मो. सभा खन्ना) ने जी.एम.एस. के कार्यों का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हम यहाँ काम करने आते हैं और काम कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार करने वाले बिरादरी के लिए कुछ नहीं करते, वे केवल आलोचना करना जानते हैं। हमने कार्य करने का संकल्प लिया है और कार्य ही करते रहेंगे।

समस्त वक्ताओं के विचारों और सुझावों को सुनने के पश्चात जी.एम.एस. अध्यक्ष रायज़ादा बी.डी. बाली ने कहा कि हम किसी के भी साथ बैठकर विचार–विमर्श करने के लिए हमेशा तैयार हैं। मैं उनके हाथों में संस्था सौंपकर जाना चाहता हूँ जो इसे और आगे बढ़ाएँ। हमारा यह समाज बहुत आगे बढ़ेगा। यदि नौजवान आगे आएँगे और इसे कंधे पर उठाएँगे तो बिरादरी बहुत तरक्की करेगी। मैं अपनी और अपने साथियों की ओर से कहता हूँ कि हमने ईमानदारी से काम किया है। हमने एक–एक पैसे का सदुपयोग किया है। मैं फिर से कहता हूँ कि आप अपने सुझाव दें। मैं आपके सुझावों और विचारों को जानने के लिए हर समय उपलब्ध हूँ।

इसके साथ ही रायज़ादा बी.डी. बाली ने वक्ताओं और श्रोताओं का धन्यवाद भी किया।

**धन्यवाद–ज्ञापनः** ए.जी.एम. में आए मोहयालों का धन्यवाद श्री पी.के. दत्ता (उपाध्यक्ष, जी.एम.एस.) ने किया। उन्होंने कहा कि हमें विनम्र रहना चाहिए। जहाँ विनम्रता नहीं है वहाँ कुछ भी नहीं है। मैं सभी वक्ताओं का धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने सुझाव दिए और जी.एम.एस. के साथ सहयोग का आश्वासन दिया। जी.एम.एस. को आपका सहयोग मिलता रहा है और मिलता रहेगा। हम काम करने में विश्वास रखते हैं। इसीलिए बिरादरी इतनी आगे पहुँची है। हम रायज़ादा बी.डी. बाली जी की दीर्घायु की कामना करते हैं। उनका मार्गदर्शन हमें हमेशा मिलता रहे।

ए.जी.एम.–2018 का समापन सौहार्द और पारिवारिक मेल–जोल की भावना के साथ संपन्न हुआ। इसके पश्चात् सबने प्रीति–भोज का आनंद लिया।

 For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

## मोहयाल आश्रम हरिद्वार में शिवलिंग प्रतिष्ठा (स्थापना)

मेहता ओ.पी. मोहन (पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी.एम.एस., अध्यक्ष 52वीं ऑल इंडिया मोहयाल कांफ्रेंस) ने 22 फरवरी 2018 को अपनी स्वर्गीय पत्नी श्रीमती शकुंतला मोहन (निधन 8 दिसंबर



*मेहता ओ.पी. मोहन और श्री अजय मोहन पूजा करते हुए।*

2016) की पुण्य–स्मृति में मोहयाल आश्रम, हरिद्वार के ध्यान–सभागार (मेडीटेशन हॉल) में शिवलिंग की प्रतिष्ठा (स्थापना) की। विद्वान ब्राह्मणों द्वारा प्रतिष्ठा–पूजा की गई जिसमें मेहता ओ.पी. मोहन के साथ उनके पुत्र मेहता अजय मोहन ने भाग लिया। शिवलिंग–प्रतिष्ठा विधिपूर्वक की गई और रुद्राभिषेक किया गया। इसमें अन्य मोहयालों और आश्रम प्रबंधक और कर्मचारियों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर हवन किया गया।

इससे पूर्व मेहता ओ.पी. मोहन ने मेडीटेशन–हॉल के गुंबद को नया रूप देने के लिए उस पर श्री कृष्ण के गीता–उपदेश और गोवर्धन–कथा के चित्र बनवाए थे। इसके साथ–साथ उन्होंने हॉल को एयरकंडीशंड करवाया था। इन सभी कार्यों पर उन्होंने लगभग पाँच लाख रुपए खर्च किए हैं। इन कार्यों से मेडीटेशन–हॉल का रूप और आकर्षक और भव्य हो गया है। इससे पूर्व जी.एम.एस. की ओर से गोत्र–ऋषियों की मूर्तियों और शिव–पार्वती–गणेश और हनुमान जी की मूर्तियों की स्थापना कराई गई थी।

मोहयाल आश्रम जाने वाले मोहयाल कुछ समय इस हॉल में अवश्य बैठें और शांति का अनुभव करें।

## लंगर की तिथि

मेरे द्वारा दिए गए ग्यारह हज़ार रुपए के चेक संख्या 958940 के लंगर की तिथि 6 अगस्त है। मैने यह राशि अपने स्वर्गीय पिता श्री बलराम छिब्बर की पुण्य–तिथि पर भेंट की है।

***बीरेन्द्र छिब्बर** (मो.) 9818094655*

## श्री विजय छिब्बर सम्मानित

सर्व भाषा ट्रस्ट (रजिस्टर्ड) संस्था द्वारा 18 फरवरी 2018 को 'सर्व भाषा साहित्य उत्सव' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'मीडिया, साहित्य और कला' विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। इसमें श्री प्रदीप गुलाटी, श्री अशोक चतुर्वेदी और श्री फ़रहान परवेज़ ने अपने विचार रखे। 'कलाभूमि' संस्था के निर्देशक जनाब असगर अली ने कला, विशेष रूप से चित्रकला पर अपने विचार रखे।



संस्था के अध्यक्ष, सचिव, संयोजक और मुख्य तथा विशिष्ट अतिथियों ने 'कलाभूमि' द्वारा आयोजित 'कला–प्रदर्शनी' का उद्घाटन किया और कलाकारों द्वारा प्रदर्शित पेंटिंग्ज़ का अवलोकन किया। इसके पश्चात् देश के विभिन्न अंचलों से आए 50 साहित्यकारों, पत्रकारों और कलाकारों को सम्मानित किया गया। अनेक साहित्यिक–शैक्षिक पुस्तकें लोकार्पित की गईं।

साहित्य के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री विजय छिब्बर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कवि–गोष्ठी में श्री विजय छिब्बर ने कविता–पाठ भी किया। डोगरी, कुमाऊँनी, भोजपुरी, मैथिली, पंजाबी, हिंदी, अंग्रेजी, अंगिका, गुजराती आदि भाषाओं की कविताओं का पाठ, इन भाषाओं के कवि–कवयित्रियों ने किया। इनमें उल्लेखनीय थे– यशपाल निर्मल (डोगरी), नीलम नवीन नील (कुमाऊँनी), जयशंकर प्रसाद द्विवेदी और जलज कुमार मिश्र अनुपम (भोजपुरी) आदि। संस्था के संयोजक श्री केशन मोहन पाण्डेय ने कार्यक्रम का संचालन किया। सचिव श्रीमती रीता मिश्रा ने धन्यवाद–ज्ञापन किया। श्री विजय छिब्बर को बधाई!

## संशोधन मार्च अंक पृष्ठ–35

**श्री दलीप बाली व श्रीमती पूनम बाली** की 25वीं वैवाहिक सालगिरह के अवसर पर श्री दलीप बाली (सुपुत्र स्वर्गीय श्री बी.डी. बाली, 110–तिहाड़ गाँव, नई दिल्ली 110018) मो. 9810301460 ने मोहयाल सभा वेस्ट जोन और जी. एम.एस. को 501–501 रुपए भेंट किए।

**भगवान विष्णु के छठे अवतार योद्धा ब्राह्मण श्री परशुराम की जयंती पर समस्त मोहयालों को बधाई और शुभकामनाएँ**



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

## बख्शी रवि दत्त को मिला 'पंजाबी रत्न'



विगत दिनों अम्बाला रोड स्थित होटल स्काईलॉक में मोहयाल सभा सहारनपुर के महासचिव व समाजसेवी पत्रकार बख्शी रवि दत्ता को सामाजिक व धार्मिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर अखिल भारतीय पंजाबी महासभा (सम्बद्ध पंचनद स्मारक ट्रस्ट) के राष्ट्रीय मंत्री महेश नारंग ने पंजाबी रत्न से सम्मानित किया। सभी अतिथियों ने रवि बख्शी को स्मृति चिन्ह व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुकेश दत्ता, सुमित बख्शी, विनय बक्शी, योगेश बाली, करण दत्ता, हर्ष दत्ता, संजय दत्ता, पुनीत छिब्बर, भूपेश के अलावा व्यापारी नेता व पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।

मोहयाल सभा सहारनपुर के सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया।–*अनिल भोली, प्रधान*

## बधाई

**तनीश बाली** ने गुरू जन्मेश्वर यूनीवर्सिटी हिसार में कम्प्यूटर साईंस के प्रथम समैस्टर में 81 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। गौरव की बात है कि तनीश बाली ने न्यू हैपी पब्लिक स्कूल यमुनानगर (हरियाणा) में 10+2 में सी.बी.एस.ई., पी.सी.एम. में 95 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 10+02 में उत्तीर्ण होने के बाद जहाँ–जहाँ भी एंटररेंस दिया वहाँ भी अच्छे अंक प्राप्त किए किन्तु आगे की पढ़ाई हेतु जन्मेश्वर यूनीवर्सिटी हिसार में कंप्यूटर साईंस में एडमिशन लिया।



तनीश बाली श्री स्वतन्त्र बाली जी एवं श्रीमती नीतू बाली जी के सुपुत्र हैं जोकि यमुनानगर (हरियाणा) मे निवासी हैं। तथा स्वर्गीय श्री गोपाल कृष्ण बाली जी एवम् श्रीमती कान्ता रानी बाली जी डमोली (प. पाक) के पोत्र हैं।

इस खुशी के मौके पर श्रीमती कान्ता रानी दादी जी ने जनरल मोहयाल सभा के एजूकेशन फण्ड के लिए 251 रु. भेंट किए।

***मैहता विश्वामित्र भीमवाल,** प्रधान*
*मो.स. अबोहर (पंजाब)*

## प्रतिभाशाली खिलाड़ी



**दीपक छिब्बर** सुपुत्र श्रीमती पिंकी रोहित छिब्बर की आयु अभी लगभग 13 वर्ष है, यह होनहार बालक 'रोलर स्केटिंग' में चार डिस्ट्रिक 3 राज्य व एक नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेकर जीत चुका है। जैसा दीपक का नाम है वैसे ही वह खेल के वृक्ष में दीपक की तरह चमक कर अपना व अपने परिवार का नाम रोशन कर रहा है। इस अवसर पर उसके माता–पिता ने कुरूक्षेत्र सभा को दो सौ रुपए भेंट किए।

## अद्भुत अमेरिका

वीराने में बहती भीषण नदियाँ और पहाड़,
क्या इतिहास–भूगोल वहाँ के जंगल व सुनसान।

घेरेबन्दी नहीं बनाते घरों के चारों ओर लोग,
लोग खुले में रहते निर्भय बीच जगलों के मकान।

विस्मित हो जाता था मन देख के पेड़ों की ऊँचाई,
अभिवादन करते लोगों के चेहरों पर मुस्कान।

समय लगा होगा पाने में इतना दृढ़ अनुशासन,
सुविधाओं से भरी व्यवस्था सभी के लिए एक–समान।

समर भूमियाँ और स्मारक इंगित देखे जगह–जगह,
बलिदानों का जिस धरती पर होता हो सम्मान।

संग्रहालयों में जो देखा वो तो मानो ऐसा था,
पूरे हो जाते हों जिस को देख के जीवन के अरमान।

**पूरन चंद बाली**
*सी–1606, ओबेराय स्पलेण्डर जे वी एल रोड, जोगेश्वरी (पूर्व) मुंबई (मो.) 9619569142*

 For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

# स्थानीय मोहयाल सभाओं की गतिविधियाँ

## फरीदाबाद

मोहयाल सभा फरीदाबाद की मासिक बैठक 4 मार्च 2018 को भवन में होली मिलन का आयोजन किया, जिसमें लगभग 60 मोहयाल भाई बहनों ने भाग लिया। मोहयाल प्रार्थना के पश्चात–

**शोकः** श्री विनय बक्शी जी के साले श्री सुरेन्द्र कुमार जी का निधन 2 मार्च को फरीदाबाद में हुआ। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रभु से प्रार्थना की।

रायज़ादा के.एस. बाली जी ने पिछले माह की रिपोर्ट सुनाई व अपनी व अपनी सभा की ओर से सभी को होली की हार्दिक बधाई दी। प्रधान श्री रमेश दत्ता जी ने सभी को होली की बधाई दी व कहा कि सभी बहनें जो जीएमएस से पेंशन प्राप्त करती हैं, अपने फॉर्म अति शीघ्र जमा करवा दें।

इस अवसर पर डॉ. श्रीमती गुंजन छिब्बर भोला (सुपुत्री श्री कुलयश राय छिब्बर जी (कृषि विभाग पंजाब से प्रथम श्रेणी सेवानिवृत्त) व श्रीमती मीरी छिब्बर जी (प्रथम श्रेणी रिटायर शिक्षा विभाग, पंजाब) का स्वागत मोहयाल सभा ने गुलदस्ता देकर किया। श्रीमती गुंजन छिब्बर भोला जी, एशियन हॉस्पिटल फरीदाबाद में सीनियर स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में कार्यरत हैं। श्री नागेंद्र दत्ता जी ने बताया कि आज किसी कारणवश श्री मिथिलेश दत्ता, कैशियर, मीटिंग में उपस्थित नहीं हो सके। इस अवसर पर श्री नागेंद्र दत्ता जी ने निम्न राशि एकत्र की। श्री जगमोहन छिब्बर जी ने 500 रु. सहयोग राशि के रूप में भेंट किए।

होली के अवसर पर श्रीमती बाला बाली जी, श्रीमती सुमन दत्ता जी, श्रीमती अंशु वैद, श्रीमती शम्मी दत्ता, श्रीमती मनु वैद, व श्री विशाल बाली जी ने होली के गीत गाए व सभी ने फूलों व गुलाल से होली खेली। इसके पश्चात स्वादिष्ट गुजिया, गुलाबजामुन व कचौड़ी खाकर सभी ने एक बार फिर सभी को होली की बधाई दी। श्री रमेश दत्ता जी ने सभी उपस्थित जनों का धन्यवाद किया। रायज़ादा के.एस. बाली जी ने बताया कि अगले महीने की मीटिंग 1 अप्रैल 2018 को भवन में होगी।

***रमेश दत्ता,*** *प्रधान* — *मो. 9212557095*

***रायज़ादा के.एस. बाली,*** *महासचिव* — *मो. 9899068573*

## नजफ़गढ़

मोहयाल सभा नजफ़गढ़ की मासिक बैठक 4.03.2018 को प्रधान श्री शेर जंग बाली की अध्यक्षता में श्री हर्ष दत्ता सचिव के निवास स्थान (दत्ता प्लाजा, 22 ओल्ड रोशनपुरा, नजफगढ़ नई दिल्ली) में मोहयाल प्रार्थना व गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ आरम्भ हुई, जिसमें 18 भाई–बहनों ने भाग लिया। सभा के सचिव श्री हर्ष दत्ता जी ने पिछले माह की कार्यवाही पढ़कर सुनाई, वित्त सचिव श्री बलदेव राज दत्ता जी ने लेखा–जोखा पेश किया, जिसका सब सदस्यों ने अनुमोदन किया।

**शोक समाचारः** श्रीमती सुरजीत दत्ता पत्नी श्री प्रवीन दत्ता का निधन 18 फरवरी 2018 को नजफगढ़ में हुआ। सभी सदस्यों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रभु से प्रार्थना की एवं परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की।

प्रधान जी ने अनुरोध किया कि बैठक में अधिक से अधिक सदस्य भाग लें ताकि बिरादरी में मेल–जोल बना रहे। श्री अनिल छिब्बर ने 24वीं विवाह–वर्षगांठ जो 26 फरवरी को थी, के उपलक्ष में 250 रुपए जीएमएस तथा 250 रु. एमएस नजफगढ़ को भेंट किए। श्री दिलबाग राय बक्शी ने अपने पोते (लव बक्शी के बेटे लवन्य बक्शी) के जन्म दिन 25 फरवरी के उपलक्ष्य में 250 रु. जनफगढ़ सभा को दान दिए। सभी ने बढ़िया जलपान के लिए श्री हर्ष दत्ता को धन्यवाद दिया।

अगली बैठक 01 अप्रैल 2018 को श्री विनोद बाली जी के निवास स्थान मकान नं.3, गौतम कॉलोनी, कंगनहेड़ी रोड छावला, नियर आर्शीवाद आश्रम, नई दिल्ली 110071 में प्रातः 10:30 बजे होगी। सभी सदस्यों से उपस्थित होने का अनुरोध है।

***शेर जंग बाली,*** *प्रधान* — *मो. 9871756765*

***हर्ष दत्ता,*** *सचिव* — *मो. 9312174583*

## जगाधरी वर्कशॉप

मोहयाल सभा जगाधरी वर्कशाप की मासिक बैठक प्रधान सतपाल दत्ता की अध्यक्षता में 4 मार्च को मोहयाल प्रार्थना के साथ आरंभ हुई। सभी सदस्यों ने अपने–अपने विचार रखे। प्रधान जी ने सभी सदस्यों को कहा जिनका फार्म रह गया है, वे जल्दी से जल्दी जमा करवा दें ताकि जीएमएस को समय से पहले भेज दिया जाए।

श्रीमती परवीन छिब्बर ने अपने पति स्व. वीरेद्र बख्शी छिब्बर की बरसी पर 1000 रु. जगाधरी सभा को तथा 1000 रुपए जीएमएस के एजूकेशन फंड के लिए भेंट किए। प्रधान जी ने आए हुए सभी सदस्यों का धन्यवाद किया। अगली मीटिंग मॉडर्न कॉलोनी में होगी।

बैठक में अंबाला की पूर्व विधायक वीना छिब्बर के निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई 68



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

वर्षीय वीना छिब्बर स्व. श्री जगमोहन छिब्बर की पत्नी और डिप्टी सुपरिटेंडेंट जेल विशाल छिब्बर की माता थी। 17 फरवरी को दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया था। श्रीमती वीना छिब्बर शुरू से ही सामाजिक कार्य में रुचि लेती थीं और 2000 में इनेलो–भाजपा सरकार के दौरान वह अंबाला से विधायक चुनी गईं। वह भाजपा राष्ट्रीय मोर्चा में सक्रिय रहीं और प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा में 15 वर्षों से सक्रिय थीं। उनके निधन पर भारी संख्या में लोगों ने भाग लेकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। यमुनानगर से मोहयाल सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री अश्विनी दत्ता, जीएमएस के सदस्य अनिल दत्ता, जगाधरी वर्कशॉप महासभा के महासचिव सुरेंद्र मेहता छिब्बर सहित भारी संख्या में मोहयाल बिरादरी से जुड़े लोगों ने उनके निवास स्थान पर जाकर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

***सुरेंद्र मेहता छिब्बर,*** *महासचिव*
*मो. 9355310880*

## उत्तम नगर

मोहयाल सभा उत्तम नगर मार्च मास की बैठक प्रधान श्री एस. पी. वैद जी के निवास स्थान पर हुई। पिछले माह के कार्यों की समीक्षा की गई। महासचिव विनीत छिब्बर ने बताया कि उसने प्रेज़ीडेंट–सेक्रेटरी बैठक में जी.एम.एस. के पदाधिकारियों के सामने अपनी बातें रखीं। 18 मार्च को होने वाली ए.जी.एम. में अधिकतम आजीवन सदस्यों को पहुँचने की अपील की गई।

संजय बक्शी, गौरव वैद और विनीत छिब्बर को में जल्दी से जल्दी विधवा आवेदन–पत्र जमा कराने एवं जाँच की जिम्मेदारी दी गई।

श्री सुरेन्द्र बक्शी जी ने अपने पोती और पोते महिमा और आयुष बक्शी के 31 मार्च को जन्मदिन के उपलक्ष में सभा को 201 रुपए भेंट किए।

अप्रैल माह की बैठक विनीत छिब्बर के निवास पर होगी।

***संजय बक्शी,*** *उपप्रधान*
*मो. 9811008335*

***विनीत छिब्बर,*** *महासचिव*
*मो. 9910950965*

## बठिंडा

मोहयाल सभा बठिंडा की बैठक अध्यक्ष अभिलाष वैद के निर्देशानुसार श्री रणजीत वैद के निवास पर श्री विपिन दत्ता की अध्यक्षता में दिनाँक 11 मार्च 2018 को गायत्री मंत्र और मोहयाल प्रार्थना से शुरू की गई। इस मीटिंग के उद्देश्य आने वाली गर्मियों के मौसम में पशु–पक्षियों और राहगीरों के लिए पानी की टंकी और छबील लगाने का कार्यक्रम निश्चित किया गया। इस बैठक में परिवारों ने योगदान किया। सर्वश्री विपिन दत्ता, विजय दत्ता, राजकुमार वैद, धर्मेंद्र दत्ता, रणजीत वैद, प्रदीप वैद, प्रमोद छिब्बर, सुभाष बाली, लवदीप वैद, विजय वैद, आदर्श छिब्बर, राहुल छिब्बर, मिथुन छिब्बर, पवन दत्ता, कुशल दत्ता, अनिल बाली, सुश्री रेखा बाली, परि वैद, रजनी वैद, पल्लवी वैद, नीलिमा छिब्बर और कुसुम वैद आदि बैठक में आए।

## श्रद्धांजलि सभा

मोहयाल सभा कोटकपूरा कि शोक सभा बैठक में विजय छिब्बर (छिब्बर स्ट्रीट कोटकपूरा) के निवास स्थान फरीदकोट रोड कोटकपूरा में हुई। जिसमें हाल ही में स्वर्गवासी रमा छिब्बर पत्नी लेफ्टीनेंट जनरल बी.के.एन. छिब्बर (पूर्व राज्यपाल) तथा मोहन मीकिन के चेयरमैन ब्रिगेडियर (रि.), श्री कपिल मोहन के निधन पर शोक व्यक्त किया तथा दोनों आत्माओं की शांति की प्रार्थना कि गई। इस अवसर पर कोटकपूरा तथा बठिंडा के कई मोहयाल परिवार शामिल हुए।

***विजय छिब्बर*** *(फोनः 011–26560456)*

## महिला सभा देहरादून



इस बार की मासिक बैठक प्रधान श्रीमती सविता मेहता जी के अध्यक्षता में श्रीमती संगीता दत्ता जी के निवास स्थान पर हुई, प्रार्थना और गायत्री मंत्र के साथ सभा की शुरुआत हुई हम सभी ने खेल भी खेले और खूब मज़े किए। बच्चों की परीक्षा होने के कारण कुछ लोग नहीं आ सके।

श्रीमती संगीता दत्ता जी ने सभी को बहुत स्वादिष्ट जलपान कराया, और अंत में सभी ने उनका धन्यवाद किया।

***श्रीमती अर्चना दत्ता,*** *सचिव*
*मो. 8755398813*

## बराड़ा

मोहयाल सभा बराड़ा की मासिक बैठक दिनांक 4.03.2018 को सभा के प्रधान स. हरदीप सिंह वैद जी की अध्यक्षता में गायत्री मंत्रोच्चारण व मोहयाली प्रार्थना के बाद श्री राजीव दत्त दोसड़का निवासी के घर पर संपन्न हुई। सभा से वित्त


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

सचिव श्री बलदेव सिंह दत्त जी ने पिछले माह की कार्यवाही पढ़कर सुनाई, जिसपर सभी ने अपनी सहमति प्रकट की।

**शोक समाचारः** मोहयाल सभा बराड़ा के सभी सदस्यों ने श्रीमती वीना छिब्बर जो कि बीजेपी की विधायक भी रही हैं और एक कर्मठ समाजसेविका भी रही हैं अचानक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया व प्रभु से प्रार्थना की कि वह उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें व पीछे परिवार को इस दुख के सहने की शक्ति प्रदान करे।

अन्त में सभी सदस्यों ने जलपान के लिए राजीव दत्त परिवार का धन्यवाद किया।

***रविन्द्र छिब्बर,*** *महासचिव*
*मो. 9466213488*

## होशियारपुर

मोहयाल सभा होशियारपुर की मासिक बैठक प्रधान श्री दिनेश दत्ता जी की अध्यक्षता में मोहयाल भवन न्यू बैंक कालोनी ऊना रोड में हुई। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय नव वर्ष, विक्रमी सम्वत 2075 चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 5 प्रविष्टे दिन रविवार 18 मार्च 2018 की सभी मोहयाल भाई बहनों को बधाई दी तथा उनके भविष्य की मंगल कामना की। सभी सदस्यों को नववर्ष पर वार्षिक चंदा जमा करवाने के लिए कहा।

इस अवसर पर मनोज दत्ता, हेमेन्द्र कुमार बख्शी, बरिन्द्र दत्त वैद, पवन मैहता, सुभाष चन्द्र दत्त व प्रधान दिनेश दत्ता 3 उपस्थित थे।

***मनोज दत्ता,*** *सचिव*
*मो. 9463766261*

## अलवर




दिनांक 4 मार्च 2018 के दिन जिला अलवर बिरादरी की मासिक बैठक एवं होली मिलन समारोह एवं प्रीतिभोज सभा महासचिव राजेश कुमार दत्ता के निवास स्थान रामगढ़ अलवर में दोपहर भोजन के बाद आरंभ हुआ जिसमें संपूर्ण बिरादरी मौजूद रही। सर्वप्रथम मीटिंग की अध्यक्षता श्री रोशनलाल बक्शी की अगुवाई में की गई जिसमें मेहमान एवं मेज़बान अध्यक्ष श्री राजीव बख्शी, श्री राजकुमार बक्शी, श्री अशोक कुमार दत्ता सरपंच, देवेंद्र दत्ता स्कूल डायरेक्टर प्रदीप बक्शी, श्री दलजीत सिंह बाली, श्री चंद्र मोहन वैद, श्री राजेश कुमार बख्शी कोषाध्यक्ष, श्री गिरिराज बाली, श्री नरेश कुमार वैद सभी का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इसके अलावा पूर्व सरपंच किरण दत्ता, श्रीमती बीना बख्शी, श्रीमती सोनम बख्शी, श्रीमती आशा दत्ता, रवि दत्ता, श्रीमती मेघा दत्ता, पूनम दत्ता, कंचन दत्ता धर्मपत्नी राजेश दत्ता, यतन दत्ता, कुमारी महिमा दत्ता, श्रीमती उर्मिला दत्ता, पूनम दत्ता धर्मपत्नी सूबेदार जितेंद्र दत्ता मैट्रोमोनियल प्रधान चंचल वैद, कुमारी मनीषा वैद, कुमारी नेहा वैद सीनियर प्रधान लेक्चरार निशि बाली युवा प्रधान आकांक्षा बाली कल्चरल सेक्रेटरी इंदु बाली धर्मपत्नी गिरिराज बाली, निखिल बाली भारत बाली बच्चों सहित लगभग 50 परिवार मौजूद थे।

जिला महासचिव राजेश कुमार दत्ता ने संपूर्ण बिरादरी की तरफ से दिल्ली जीएमएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रायज़ादा बी.डी. बाली एवं जी.एम.एस जनरल सेक्रेटरी कर्नल एल.आर. वैद एवं समस्त कार्यकारिणी को होली की शुभकामनाएं दीं। जिस संस्था की वजह से हम लोग संगठित हुए साथ ही कुछ बिंदुओं पर चर्चा की गई–

(1) बच्चों को वोकेशनल अच्छी शिक्षा प्रदान करें साथ ही अपनी बिरादरी के इतिहास के बारे में बताएँ।

(2) सभी लोग संगठित रहें ताकि बिरादरी में मजबूती बन सके। एकता में बल होता है। संगठन ही शक्ति है। बिरादरी के किसी भी व्यक्ति के साथ कोई अप्रिय घटना होती है हम सभी मिलकर एक दूसरे का सहयोग देगें।

संपूर्ण बिरादरी ने गुलाब के रंगों के साथ होली मिलन समारोह बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। उसके बाद राजेश कुमार दत्ता एवं धर्मपत्नी महासचिव कंचन दत्ता का आभार प्रकट किया जिन्होंने संपूर्ण कार्यक्रम को व्यक्तिगत खर्च पर करवाया। अंत में अध्यक्ष महोदय श्री राजीव बख्शी एवं मेहमान अतिथि के द्वारा सभा समाप्ति की घोषणा की गई।

***राजीव बख्शी,*** *प्रधान* ***राजेश कुमार दत्ता,*** *महासचिव*
*मो. 8239022878*

## यमुनापार-दिल्ली

मोहयाल सभा यमुनापार की मासिक बैठक मोहयाल भवन झील कुरैंजा में प्रधान श्री सतीश बाली जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, 27 सदस्यों ने सभा की कार्यवाही में भाग लिया।

मोहयाल प्रार्थना के बाद सचिव संजीव बाली ने फरवरी माह के रिपोर्ट पढ़े। सभी ने एकमत से उन पर सहमति जताई।



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor




सचिव ने सभा को सूचित किया कि मोहयाल मेले (21 जनवरी 2018) के चित्रों की एक एल्बम को पत्रिका के रूप में बनाया गया है कोई भी सदस्य चित्र–पत्रिका को ले सकता है।

1. प्रधान सतीश बाली जी ने कहा कि सफल मेले के आयोजन के बाद सभा दिल्ली के बाहर एक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन करेगी जिसके लिए उचित स्थान और समय के लिए सदस्य अपना सुझाव दें। उपप्रधान विनोद बाली ने ''हरिद्वार आश्रम'' का सुझाव दिया जिसपर सबने सहमति जताई।

2. सभा जल्द ही भवन के हाल को वातानुकूलित बनाने पर विचार कर रही है जिससे गर्मियों में भी भवन–हॉल का अधिक से अधिक इस्तेमाल हो पाए। सभी ने इसमें अपनी सहमति दिखाई।

3. कैशियर अनिल वैद ने बताया कि एकाउंटस पूरी तरह अपडेट है। अप्रैल में परंपरा अनुसार तिमाही एकाउंट और सभा की इस कार्यकारिणी के पूरे 10 माह का लेखा–जोखा सदस्यों के समक्ष रखा जायेगा, सदस्य उपस्थित रहें।

4. श्री आर के मोहन जी ने भवन के विस्तार का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि अब भवन को बहुमंजिला किए जाने के लिए 5 वर्षीय कार्यक्रम बनाना चाहिए।

5. राजेश दत्ता और पंकज वैद काफी समय बाद तथा दो अन्य सदस्य पहली बार मीटिंग में उपस्थित सभी ने उनका स्वागत किया। मीटिंग में माहौल देखकर सभी ने प्रसन्नता दिखाई।

6. विनोद बाली जी, दलीप सिंह दत्ता जी, इन्दर मोहन मेहता जी, संजीव बाली, विजय स्वरूप लौ जी, सतीश बाली जी मुख्य दानकर्त्ता रहे जिन्होंने ''विधवा फंड'' में धनराशि भेंट की।

अंत में सबने चाय–बिस्कुट का आनंद लिया जिसका खर्च श्री एम.एम. वैद जी की तरफ से रहा। प्रधान सतीश बाली जी ने सभी का धन्यवाद दिया।

***सतीश बाली,*** *प्रधान* — *मो. 9211741150*

***संजीव बाली (बंटी),*** *सचिव* — *मो. 9811758418*

# अंबाला कैंट

दिनांक 11.02.2018 सायं 3:30 बजे 27 दयाल बाग अंबाला कैंट, निवास स्थान श्री डी.वी. बाली, पर उपप्रधान कमांडेट (रिटा.) पी. आर. मेहता जी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही आरंभ हुई। मीटिंग में प्रधान श्री नरेश वैदजी मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान हुए। सभा में 18 सदस्यों ने उपस्थिति लगाई। मोहयाल प्रार्थना व गायत्री मंत्र उच्चारण बाद पिछली मीटिंग की कार्यवाही पढ़कर सुनाई गई तथा सर्वसम्मति से अनुमोदन हुआ। उपप्रधान श्री पी. आर. मेहता जी ने श्री नरेश वैद (प्रधान) उनकी पत्नी श्रीमती सविता



रानी वैद का स्वागत करते हुए, श्री नरेश वैद जी को उनकी सकुशल रिटायरमेंट (रेलवे से) 31.01.2018 पर बधाई दी तथा उन्हें फूलमाला पहना कर उपहार भेंट किया। इस सम्मान पर सदस्यों की तालियों की गूंज व जय मोहयाल नारों साथ शुभ कामनाएं तथा बधाई दी। मीटिंग एक भव्य दृष्य के रूप में बदल गया, तथा फोटो ग्राफी भी हुई।

महासचिव श्री एम.एल. दत्ता जी ने 28.01.2018 को जीएमएस में लोकल सभाओं के प्रधान व सेक्रेटरी की हुई मीटिंग के हर प्वाइंट का विस्तार से जिकर किया। जिसका मुख्य बिन्दु था कि लोकल सभाओं की मीटिंग में उपस्थिति कैसे बढ़ाई जाए? सुझाव/उपाय थे; इसका कारण ढूढें, युवाओं की भागीदारी उन्हें समारोह में जिम्मेदारी दी जाए, लोकल सभाओं के मनाए जाने वाले पर्व–मेलों में बच्चों–महिलाओं को गेमज़ तंबोला, रेस, चेयर रेस, लेमन स्पून रेस कविता चुटकले, डांस आदि द्वारा मनोरंजक बनाएं। बृद्ध माँ–बाप, दादा–दादी की सेवा करें तथा हर प्रकार का ध्यान रखें ताकि वह असहाय महसूस न करें। जी.एम.एस ने स्पष्ट किया कि ऐसे त्योहारों–मेलों में बाहर से कम से कम अतिथि–निमत्रण भेजें ताकि खर्चे पर काबू पाया जा सके। इन पर होने वाले व्यय/खर्चे सभाएं स्वयं उठाएँ, जीएमएस पर भार न डालें। मोहयाल रिश्तेदारों की मृत्यु के समय परिवार की आर्थिक सहायता व शोक सभाओं में शामिल होकर पीड़ित परिवार को हौसला दें।

जी.एम.एस. सेक्रेटरी जनरल ने आग्रह किया कि मोहयाल फार्म आध ार नं., फोन नं, ई–मेल आई डी सहित 31.03.2018 तक पहुँ जाएँ ताकि मोहयाल डायरेक्टरी समय पर तैयार हो जाए। लोकल सभाओं को जीएमएस वार्षिक एफिलयेशन फीस शीघ्र जमा होनी


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

चाहिए। विधवा सहायता फार्म केवल जरूरतमंद का ही जांच पड़ताल के बाद जीएमएस भेजें।

**श्रद्धांजलिः** सदन ने दो मिनट का मौन रख कर निम्नलिखित मोहयाल व्यक्तियों की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रभु से प्रार्थना की–

(क) पद्म श्री ब्रिगेडियर डॉ. कपिल मोहन जिनका देहांत 6.01. 2018 को हो गया। वह मोहन मीकिन के चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर थे। वे श्रीमती नीता बाली जी धर्मपत्नी रायज़ादा बी.डी. बाली (प्रधान जी.एम.एस.) के भाई थे। शोक ग्रस्त परिवार को इस सदमें को प्रभु शक्ति प्रदान करें।

(ख) श्रीमती रमा छिब्बर का देहांत 11.01.2018 को चंडीगढ़ में हो गया वह ले.जन. बी.के.एन छिब्बर, पूर्व पंजाब के राज्यपाल की धर्मपत्नी थीं। आदरणीय छिब्बर साहिब व पूरे परिवार को प्रभु इस सदमें को झेलने की शक्ति दें।

(ग) श्री आर.के.सी. दत्ता पूर्व कोषाध्यक्ष मोहयाल सभा कैंट का निधन 01.11.2017 को तथा क्रिया 11.11.2017 को हरिद्वार में हुई।

(घ) श्रीमती रमेश कुमारी छिब्बर निवासी 324डी महेश नगर 26.01. 2018 को भगवान को प्यारी हो गई इनकी रस्म–पगड़ी (क्रिया) 3. 02.2018 को नागरिक सदन में हुई।

दान राशिः सर्वश्री एम.एल. दत्ता, कमांडैट पी.आर. मेहता, धर्मेंद्र वैद, डी.वी. बाली तथा नरेश वैद प्रत्येक ने 500 रु. लोकल सभा को प्रदान किए। श्री नरेश वैद जी ने जी.एम.एस एजुकेशन फण्ड के लिए 500 रुपए प्रदान किए।

उप–प्रधान कमांडैट पी.आर मेहता जी ने एक बार फिर श्री नरेश वैद व उनके परिवार को सदन की तालियों की गूँज में सकुशल सेवानिवृत्त पर बधाई व आशीर्वाद दिया। साथ ही समस्त बाली परिवार का भव्य स्वागत; बैठने का इन्तजाम, स्वादिष्ट खान–पान का आभार व्यक्त करते हुए मीटिंग संपन्न किया। अगली मीटिंग भी उन्होंने अपने निवास पर ही रखने का आग्रह किया। जय मोहयाल!

***कमा.(रिटा.) पी.आर.मेहता,*** *उपप्रधान*
*मो. 8950966414*
***एचएफओ (रिटा.) एम.एल. दत्ता,*** *महासचिव*
*मो. 9896102843*

## यमुनानगर

स्त्री मोहयाल सभा की मासिक बैठक प्रधान श्री कमला दत्ता जी के निवास स्थान पर हुई, मीटिंग में सभी बहनों ने भाग लिया गायत्री मंत्र के साथ मीटिंग की शुरुआत हुई। बैठक में जीएमएस द्वारा विधवा फंड और पढ़ने वालों छात्रों को जो वार्षिक सहायता दी जाती है उसके फार्म भरे गए। श्रीमती कमला दत्ता जी, श्रीमती प्रवीण बाली जी, श्रीमती निशा मोहन, श्रीमती सगींता दत्त, श्रीमती प्रेम दत्ता ने अपने विचार रखे।

श्रीमती कमला दत्ता जी द्वारा अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में प्रीतिभोज का आयोजन किया गया सभी बहनों ने प्रीतिभोज का आनंद उठाया। श्रीमती कमला दत्ता ने अपने जन्मदिन पर 200 रुपए सभा को भेंट किए भगवान उनको दीर्घायु रखे।

श्रीमती वीना वैद अपने बेटे के जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ पर 250 रु. स्त्री सभा यमुनानगर को भेंट किए। भगवान उनको दीर्घायु रखे।

स्त्री सभा की मासिक बैक 7.02.2018 को श्रीमती प्रेम दत्ता जी के निवास स्थान पर हुई, मीटिंग की अध्यक्षता श्रीमती कमला दत्ता ने की, सभी बहनों ने भाग लिया। मीटिंग की कार्यवाही गायत्री मंत्र के साथ शुरु हुई। सबसे पहले पिछले महिने की कार्यवाही पढ़कर सुनाई गई। बैठक में जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता देने पर विचार किया गया। सबने अपने–अपने विचार रखे। और शांति पाठ के साथ सभा समाप्त हुई।

***श्रीमती परवीन बाली,*** *महासचिव*
*फोनः 01732–226799*

## कुरुक्षेत्र

मोहयाल सभा कुरुक्षेत्र ने होली मिलन 25.02.2018 रविवार को स्थान ब्रह्म सरोवर, भीष्म घाट पर लगभग 60 सदस्यों ने धूम–धाम के साथ मनाया। आयोजन का आरम्भ मोहयाल प्रार्थना से हुआ। इसके पश्चात सभी उपस्थित बहन भाइयों ने अपना–अपना परिचय दिया। प्रधान जी ने नोएडा से आए हुए श्रीमती व श्री कृष्ण बाली जी का इस आयोजन पर आने के लिए धन्यवाद किया तथा श्री कृष्ण बाली जी ने इस अवसर पर मोहयाल सभा कुरूक्षेत्र को एक हजार रुपए भेंट किए। सभा में छोटे छोटे बच्चों ने कविताएँ सुनाकर सभी का मन मोह लिया। प्रधान संतोष वैद जी ने बच्चों का हौसाला बढ़ाते हुए प्रत्येक बच्चे को 100–100 रुपए भेंट किए। मोहयाल सभा कुरूक्षेत्र के द्वारा स्वादिष्ट भोजन व जलपान का प्रबंध किया गया तथा सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया।

श्री के.एल. बाली जी द्वारा दी गई मिठाई का सभी ने भरपूर आनन्द उठाया। इसके पश्चात सभी ने मिलकर होली खेली व एक दूसरे को गुलाब लगा कर होली की बधाई दी।

प्रधान संतोष वैद जी ने इस होली मिलन में पधारने के लिए सभी का धन्यवाद किया तथा मोहिन्दर बक्शी जी का इस आयोजन को सफल बनाने के लिए उनकी सराहना की।

जय मोहयाल के गगन भेदी नारों के साथ होली मिलन का समापन हुआ।

***संतोष वैद,*** *प्रधान* — *मो. 9813790076*
***मोहिन्दर बक्शी,*** *सचिव* — *मो. 9812134938*

### अप्रैल 2018 व्रत-त्योहार

1 अप्रैल–वैशाख माह आरंभ, 12 अप्रैल–वल्लभाचार्य जयंती 14 अप्रैल–वैशाखी, 15 अप्रैल–अमावस्या, 16 अप्रैल–वैशाख अमावस्या, 18 अप्रैल–परशुराम जयंती, अक्षय तृतीया, 22 अप्रैल–गंगा पूजन, गंगा सप्तमी, 26 अप्रैल–मोहिनी एकादशी, 27 अप्रैल–पूर्णिमा आरंभ, 28 अप्रैल–बुद्ध पूर्णिमा



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

## जट्टा आई बसाखी

बैसाखी पंजाबियों का मौज–मस्ती, जोश और उत्साह भरा त्योहार है। पंजाब कृषि प्रधान प्रांत है। पंजाबी संस्कृति का संबंध सीधे फसलों के साथ जुड़ा हुआ है। रबी की फसल काटने के बाद किसानों के घर खुशियों के साथ भर जाते हैं। यह त्योहार मुख्य रूप से पंजाब और हरियाणा में मनाया जाता है परंतु दुनिया के जिस कोने में पंजाबी रहते हैं, वे इसे धूमधाम से मनाते हैं। किसान भरपूर फसल होने के लिए भगवान को धन्यवाद देते हैं।

बैसाखी त्योहार बैशाख महीने की पहली तारीख को और इंगलिश कैलेंडर में 13 अप्रैल को पड़ता है। हर 36 साल के बाद यह 14 अप्रैल को आता है। यह 'रंगोली बिहू' (असम), 'नव वर्ष' (बंगाल), 'पुतांहु' (तमिलनाडु) और 'पूर्ण विशु' (केरल) के रूप में मनाया जाता है।

सिक्ख गुरूद्वारों में जाते हैं। नदियों में स्नान करते हैं। गुरूद्वारों में खास कड़ाह–प्रसाद बाँटा जाता है। इस दिन जुलूस निकलते हैं जिनमें सबसे आगे 'पंज प्यारे' चलते हैं। नाचते–गाते लोग खुशियों में झूमते चलते हैं। गुरू गोविंद सिंह **साहब** ने 30 मार्च 1699 को केशवगढ़ **साहब** (आनंदपुर) में सिक्खों के समूह को संबोधित किया था। यहीं गुरू जी ने 'पंज प्यारे' चुने थे। उन्हें अमृत छकाया था। फिर सब उपस्थित सिक्खों को अमृत छाकाकर 'खालसा पंथ' की स्थापना की थी। यहीं सिक्खों को केश, कंघा, किरपाण, कच्छा और कड़ा धारण करने का आदेश दिया गया था और 'ग्रंथ **साहब**' को धर्मग्रंथ घोषित किया था जो बाद में 'गुरू ग्रंथ **साहब**' के रूप में पूजे जाने लगे।

बैसाखी के दिन लोग नए कपड़ों में सज–धज कर मेलों में जाते हैं। ढोल बजते हैं। भंगड़े और गिद्धे होते हैं। हर शहर में 'बैशाखी मेले' लगते हैं। स्कूलों–कॉलेजों में सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। बालक और युवा सब बैसाखी के रंग में रंग जाते हैं।

बैसाखी के दिन सन् 1875 में स्वामी दयानंद ने 'आर्यसमाज' की स्थापना की थी। इस दिन आर्यसमाजी हवन आदि करते हैं। बैसाखी पर गाया जाने वाला प्रसिद्ध गीत मोहयाल पाठकों के लिए प्रस्तुत किया गया है।

## वसाखी दा लोकगीत

**जिंद माही**

जिंद माही बाजरे दियां, आहा
जिंद माही बाजरे दियां कलियाँ
कि मेला बेखन आईआं, आहा
कि मेला बेखन आईआं जट्टियाँ
कि हथ विच शीशा, होय
हथ विच शीशा सवारण पट्टियाँ।

इक पल बही जाणा, आहा
वे इक पल बही जाणा मेरे कोल
वे तेरे मिठरे नि, होय
वे तेरे मिठरे नि लगदे बोल
ओहो ओहो हाय!

जिंद माही, बाज तेरे कुम्हालाइयाँ
कि तेरियाँ लाडियां भरजाईयाँ
कि बाजी फिर कदे ना आईआँ
इक पल.....

जिंद माही अम्बियाँ ते आ गया बूर
कि जट्टियाँ दे मुखड़े ते वरदा नूर
जिन्नू बेख के चढ़दा सरूर
इक पल.....

जिंद माही जे तुरीयो पटियाले
ओथों लियावीं रेशमी नाले
अधे चिटॅटे ओये, अधे काले
इक पल.....

***संपादक (हिंदी)***

## अमरीकी जनतन्त्र

छोटे और बड़े घर सारे,
दिखते एक सरीखे हैं,
अमरीका में लोग भी सारे
दिखते एक–सरीखे हैं।

सभी घरों में सुविधाओं का,
भीतर भी एक–जैसा–पन है,
कुछ के पास भले ज्यादा हो,
वंचित नहीं कोई भी जन हैं।

पालनाव में मैंने देखा,
काम कर रही लड़कियों को,
पढ़ी–लिखी होकर भी जिन ने,
खुद के लिए चुना श्रम को।

फर्क वही है जो दिखता है,
पुरुषों व महिलाओं में,
बात काम की जब आती है,
भेद नहीं सुविधाओं में।

***पूरन चंद बाली***
*सी–1606, ओबेराय स्पलेण्डर जे वी एल रोड, जोगेश्वरी (पूर्व) मुंबई (मो.) 9619569142*

## रचनाएँ भेजते समय ध्यान दें

- रचनाएँ पोस्टकार्ड या छोटे–छोटे कागज के टुकड़ों पर लिखकर न भेजें। रिपोर्ट और रचनाएँ आदि साफ़ स्पष्ट और शुद्ध लिखें जिन्हें पढ़ा जा सके। ई–मेल से रचनाएँ टाइप करके ही भेजें।
- प्रत्येक रचना भेजने के पश्चात दो माह प्रतीक्षा करें। इसके पश्चात ही कार्यालय से पूछताछ करें।
- मोहयाल मित्र बिरादरी की धड़कन है, बिरादरी की शान है, परिवारों के सुख–दुःख का साथी है। इससे देश–विदेश में बसे मोहयालों के समाचार एक–दूसरे तक पहुँचते हैं। रिश्ते–नाते कराने का माध्यम है। जीएमएस द्वारा किए कार्यों और योजनाओं की जानकारी का साधन है। मोहयाल मित्र का वार्षिक शुल्क केवल 200 रु. हैं

 For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

## श्रीमती नीलिमा लौ का निधन

श्री दुर्गा दास लौ की पत्नी श्रीमती नीलिमा लौ का निधन 31 जनवरी 2018 को हो गया। शोकाकुल परिवारजन–



श्री दुर्गा दास लौ (पति), डोनल लौ और दिव्या लौ (पुत्र और पुत्रवधू) आशीष लौ और निशा लौ (पुत्र और पुत्रवधू), श्रीमती मोनिका और श्री नरोत्तम (पुत्री और दामाद), खुशी, जानवी, दिव्यांशी, सक्षम, अंकित, आरुष, चीनू।

12 फरवरी 2018 को रस्म पगड़ी उनके निवास पर 325, अजीत नगर, गढ़ी गढ़, एयरपोर्ट के निकट, जम्मू में की गई। शोकाकुल परिवारजन और संबंधियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रीमती नीलिमा लौ की स्मृति में परिवार की ओर से जी.एम.एस. को 501 रुपए भेंट किए गए।

## श्रीमती संतोष दत्ता का निधन

श्रीमती संतोष दत्ता पत्नी स्वर्गीय श्री सागर दत्ता का स्वर्गवास दिनांक 30 जनवरी 2018 को हो गया। उनका जन्म 18 अगस्त 1930 को चकवाल (अब पाकिस्तान) में हुआ था। उनके पिता स्वर्गीय श्री मोहन बाली और माता श्रीमती सुमित्रा बाली थीं। स्व. श्री मोहन बाली पक्के मोहयाल थे। श्रीमती संतोष दत्ता के पति स्व. श्री सागर दत्ता मोहयाल सभा मेरठ के प्रधान थे। वे सभा के कार्यक्रमों में बढ़–चढ़कर भाग लेते थे। संतप्त परिवार की ओर से जनरल मोहयाल सभा को 1100 रुपए भेंट किए गए।



शोक संतप्त–श्रीमती सुनैना दत्ता (बहू), करन दत्ता, कुणाल दत्ता (पोते), श्रीमती सतीश बाली और श्रीमती शशी बाली (पुत्रियाँ)।

*524/6 शास्त्री नगर, मेरठ 250001*

## श्रीमती सुरजीत दत्ता का स्वर्गवास

श्रीमती सुरजीत दत्ता पत्नी श्री प्रवीण दत्ता (नजफगढ़) का निधन 18.02.2018 को हो गया। श्री प्रवीण दत्ता ने पत्नी की याद में नजफगढ़ मोहयाल सभा को 500 रुपए भेंट किए।



## स्वर्गीय श्री रमेशचन्द्र मैहता (भीमवाल) की छठी पुण्य-तिथि

स्वर्गीय श्री रमेश चन्द्र मैहता सुपुत्र स्व. मैहता नरनारायण जी भीमवाल व स्व. श्रीमती लाजवन्ती भीमवाल (करियाला जि. जेहलम (पं. पाक) का जन्म मु.पो. भंगर खेड़ा, जिला फिरोजपुर (पंजाब) में जन्म 14.05.1929 को



हुआ। स्व. रमेश चन्द्र भीमवाल की छठी पुण्य तिथि 12.11.2017 को यू. एस. में श्रीमती बिमला मेहता धर्मपत्नी ने अपनी सुपुत्री श्रीमती कानन मैहता एवं श्री आनंद वासुदेव जी ने अपने निवास स्थान पर मित्रगणों एवम् रिश्तेदारों के साथ मिलकर कीर्तन व पाठ आदि करवा कर मनाई।

छोटे भाई मैहता विश्वामित्र भीमवाल ने सुंदर काण्ड का पाठ अपने निवास स्थान अबोहर (पंजाब) में मनाई। मंदिर में पण्डित जी को फल व दक्षिणा दी। मेहता रमेशचन्द्र जी हरियाणा स्टेट (स्काऊटस) के आरगेनाइज़िंग कमिश्नर थे। उन्हें तीन–तीन राष्ट्रपतियों ने अवार्ड दिए थे। श्रीमती बिमला मेहता जी ने जीएमएस के एजूकेशन फण्ड के लिए 500 रु. भेंट किए।

## स्वर्गीय श्रीमती सरला भीमवाल की आठवीं पुण्यतिथि

स्वर्गीय श्रीमती सरला भीमवाल का स्वर्गवास दिनांक 03.12.2009 को अहमदाबाद (गुजरात) में हुआ। उनकी आठवीं पुण्यतिथि 03.12. 2017 को उनके निवास स्थान अबोहर में मनाई गई।



इस अवसर पर उनके निवास स्थान अबोहर में सुन्दर काण्ड का पाठ व हवन करवा कर उनकी पुण्यतिथि अपने रिश्तेदारों एवं मित्रगणों के साथ ब्राह्मणों को भोजन व दक्षिणा आदि दी गई।

श्रीमती सरला भीमवाल धर्मपत्नी मेहता विश्वामित्र भीमवाल, एवम् स्व. मेहता नरनारायण भीमवाल व स्व. श्रीमती लाजवंती भीमवाल की पुत्रवधु थी। तथा स्व. श्री राम रक्खामल वैद व स्व. श्रीमती सत्या देवी वैद की सुपुत्री जो कि जलालपुर जट्टान (पं. पाक) जि. गुजरात के थे भीमवाल परिवार ने इस पुण्यतिथि पर जीएमएस के एजूकेशन फंड में 500 रु. भेंट किए।

***मैहता विश्वामित्र भीमवाल,*** *मो. 9780160085, 7696842614*



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

## अक्षय तृतीय

अक्षय का अर्थ है जो कभी क्षय न हो। यदि कोई कार्य शुभ समय व शुभ दिन को किया जाय तो उस कार्य के पूरा होने में संदेह नहीं रहता है। हमारे यहाँ चार स्वयं सिद्ध मुहूर्त हैं।

चैत्र शुक्ल सतिपदा, अक्षय तृतीया, दशहरा व दीपावली से पहले प्रदोष तिथियाँ। यह सर्व कार्येषु मंगल तिथियां हैं। इसी दिन बद्रीनाथ धाम के कपाट भी खुलते हैं।

अक्षय तृतीया से जुड़ी एक कथा है कि एक शालीन एवं धर्म में विश्वास रखने वाला एक वैश्य का उसका परिवार बहुत बड़ा था और उसके पालन–पोषण के प्रति सोचकर बहुत व्याकुल रहता था। एक बार उसने इस व्रत के महात्मय के बारे में सुना और इसे करने का संकल्प लिया। उसने स्नान ध्यान कर शुद्ध होकर गोले के लड्डू, पंखा, जल से भरे कलश, जौ, गेहूँ, सत्तू, नमक, चावल, गुड़, सोना वस्त्र इत्यादि वस्तुओं का दान किया एवं प्रभु की आराधना की। यही वैश्य अगले जन्म में कुशावली का राजा बना। कभी भी धर्म से विचलित हुए बिना अपना राज कार्य सुचारू रूप से कई वर्षों तक चलाते रहें। अन्य जन्मों में भी वह अपने धर्म के मार्ग से कभी भी विचलित नहीं हुए। अक्षय तृतीय में किए गए दानादि व धर्म कार्य अक्षय होते हैं और सदा सर्वदा सद्मार्ग पर चलने को प्ररित करते हैं। नीचे लिखे कार्यों के लिए भी इस दिन हम प्रार्थना कर सकते हैं:– (इस वर्ष अक्षय तृतीया 18 अप्रैल को होगी।)

अशुभ ग्रहों का प्रभाव दूर करना:

1. भगवान सूर्य की आराधना करें: ऊँ घृणि सूर्याय नमः का जाप करें।
2. लक्ष्मी प्राप्ति के लिए: ऋण मुक्ति के लिए माँ लक्ष्मी की चन्दन का तिलक करके ऊँ श्रीं ह्रीं दारिद्रय विनाशिन्ये धन धान्य समृद्धि देहि देहि नमः का 108 बार जाप करें।
3. व्यापार वृद्धि: श्री लक्ष्मी नारायण की आराधना, ऊँ ह्रीं ऐश्वर्य श्रीधन् धान्याधिपतयै ऐं पूर्णत्व लक्ष्मी सिद्धयै नमः का 108 बार जाप करें।
4. सन्तान सुख: इस दिन संतान गोपाल मंत्र का जाप करें।

***विरेन्द्र छिब्बर*** *(ज्योतिष आचार्य) (ज्योतिष रत्न)*
*मो. 9818094655*

## मोहयाल आश्रम वृंदावन

मोहयाल आश्रम वृंदावन पधारें, हम आपके स्वागत के लिए तैयार हैं। श्रीकृष्ण और राधा जी की लीलास्थली में बना आश्रम समस्त सुविधाओं से सुसज्जति हैं। सपरिवार तीर्थ यात्रा का कार्यक्रम बनाएँ।

## उपवन

जीवन का आह्लाद बिगड़ता,
देखा इन आँखों से मैंने,
सहज सरलता छोड़ के जिस ने,
चलना सीखा चालाकी से।

निश्छलता के वातावरण में,
बालाओं का चलना देखा,
बहती जाती जल की धारा,
बिना किसी अवरोध के जैसे।

अभी तो आँखें भरी नहीं हैं,
मन यूँ मचल रहा है मेरा,
आज चले जाओगे तुम क्या,
बिना मिले ही मुझ से जैसे।

किस की खुशबू से है ऐसा,
महक रहा सारा उपवन,
खिलना ही था फूल को जिसका,
इंतजार था सभी को कब से।

***पूरन चंद बाली***
*सी–1606, ओबेराय स्पलेण्डर जे वी एल रोड, जोगेश्वरी (पूर्व) मुंबई (मो.) 9619569142*

## ।। मोहयाल प्रार्थना ।।

**ऊँ स्वस्ति। ऊँ परम पिता परमात्मा को हमारा प्रेमपूर्वक नमस्कार। ऊँ स्वस्ति। सभी सुखी हों। सब का कल्याण हो। सबका आपस में प्रेम हो। सब मिलकर अपने समाज की भलाई का विचार करें। सब उसी में अपना भला समझें जिसमें सबका भला हो, हित हो, लाभ हो। मन, वचन और कर्म से कोई दूसरे की हानि न करे। हम एक दूसरे के प्रति प्रेम भाव रखें। दूसरों की बातों को धैर्य और शांतिपूर्वक सुनें। अपनी बातें मधुर शब्दों में कहें। हम निःस्वार्थ भाव से अपने समाज की भलाई के लिए कार्य करें।**

**जय मोहयाल**

 For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor